# कार्यालय जिला पंचायत बीजापुर (छत्तीसगढ़)

दूरभाष– कार्यालय 07853–220395 फैक्स 07853–220330 ईमेल zpbijapur.cg@nic.in

## // प्रेस विज्ञप्ति //

क्रमांक/2122/जि.पं./सचिव स्था./पंचा. सचिव–भर्ती/2025 बीजापुर, दिनांक 07/11/2025

संचालक, पंचायत संचालनालय छ.ग. सेक्टर–19, नार्थ ब्लॉक, भू–तल, विकास भवन, नवा रायपुर, अटल नगर के पत्र क्रमांक/पंचा.–337/File No.: ESTB-101/ 267 /2025 अटल नगर, दिनांक 07/10/2025 के परिपालन में जिला पंचायत बीजापुर (छ.ग.) अंतर्गत ग्राम पंचायतों में रिक्त 05 ग्राम पंचायत सचिव के पद पर वेतनमान रू. 3500–10000 + ग्रेड वेतन 1100 तथा 4000 विशेष भत्ता की अनुमति प्राप्त हुआ है। अतः उक्त पद की भर्ती हेतु केवल बीजापुर जिले के स्थानीय निवासियों से कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत बीजापुर (छ.ग.) में दिनांक 17/11/2025 से दिनांक 28/11/2025 समय सायं 5:00 बजे तक केवल स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक के माध्यम से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक के अतिरिक्त अन्य माध्यम से प्राप्त आवेदन स्वीकार्य नही होंगे।

उपरोक्त संबंध में विस्तृत जानकारी हेतु जिला पंचायत बीजापुर (छ.ग.), जनपद पंचायत बीजापुर/भैरमगढ़/उसूर/भोपालपटनम के नोटिस बोर्ड एवं जिला बीजापुर (छ.ग.) के वेबसाईट http://bijapur.gov.in का अवलोकन किया जा सकता है।

(हस्ताक्षर)
मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पंचायत बीजापुर

पृ.क्रमांक/2122/अ/जि.पं./सचिव स्था./पंचा. सचिव–भर्ती/2025 बीजापुर, दिनांक 07/11/2025

प्रतिलिपिः–

1. प्रमुख सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर की ओर सादर सूचनार्थ।
2. संचालक, पंचायत संचालनालय छ.ग. सेक्टर–19, नार्थ ब्लॉक, भू–तल, विकास भवन, नवा रायपुर, अटल नगर की ओर सादर सूचनार्थ।
3. संभाग आयुक्त, बस्तर संभाग जगदलपुर की ओर सादर सूचनार्थ।
4. कलेक्टर, जिला बीजापुर की ओर सादर सूचनार्थ।
5. उप संचालक, पंचायत जिला बीजापुर (छ.ग.) को सूचनार्थ।
6. जिला रोजगार अधिकारी, रोजगार कार्यालय बीजापुर।
7. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत बीजापुर/भैरमगढ़/उसूर/भोपालपटनम, जिला बीजापुर (छ.ग.) को नोटिस बोर्ड में चस्पा करने हेतु।
8. सहायक संचालक, जनसम्पर्क विभाग को दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशन कराने हेतु।
9. जिला सूचना अधिकारी, जिला बीजापुर (छ.ग.) को जिले के वेब साईट http://bijapur.gov.in में अपलोड़ करने हेतु।
10. कार्यालयीन सूचना पटल पर चस्पा हेतु।

(हस्ताक्षर)
मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पंचायत बीजापुर

Scanned with OKEN Scanner

# कार्यालय जिला पंचायत बीजापुर (छत्तीसगढ़)

दूरभाष– कार्यालय 07853–220395 फैक्स 07853–220330 ईमेल zpbijapur.cg@nic.in


## // विज्ञापन //

क्रमांक/2121/जि.पं./सचिव स्था./पंचा. सचिव–भर्ती/2025 बीजापुर, दिनांक 07/11/2025

संचालक, पंचायत संचालनालय छ.ग. सेक्टर–19, नार्थ ब्लॉक, भू–तल, विकास भवन, नवा रायपुर, अटल नगर के पत्र क्रमांक/पंचा.–337/File No.: ESTB-101/ 267 /2025 अटल नगर, दिनांक 07/10/2025 के परिपालन में जिला पंचायत बीजापुर (छ.ग.) अंतर्गत ग्राम पंचायतों में रिक्त 05 ग्राम पंचायत सचिव के पद पर वेतनमान रू. 3500–10000 + ग्रेड वेतन 1100 तथा 4000 विशेष भत्ता की अनुमति प्राप्त हुआ है। अतः उक्त पद की भर्ती हेतु केवल बीजापुर जिले के स्थानीय निवासियों से कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत बीजापुर (छ.ग.) में दिनांक 10/11/2025 से दिनांक 28/11/2025 समय सायं 5:00 बजे तक केवल स्पीड पोस्ट/ पंजीकृत डाक के माध्यम से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। स्पीड़ पोस्ट/पंजीकृत डाक के अतिरिक्त अन्य माध्यम से प्राप्त आवेदन स्वीकार्य नही होंगे। पदों का विवरण निम्नानुसार है:–

| क्र. | पद का नाम | कुल रिक्त पदों की संख्या | वर्गवार पदों की जानकारी | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अनुसूचित जनजाति | | | | | अनुसूचित जाति | | | | | अन्य पिछड़ा वर्ग | | | | | अनारक्षित | | | | | कुल योग | | | | |
| | | | मुक्त | महिला | भूतपूर्व सैनिक | निःशक्त | कुल | मुक्त | महिला | भूतपूर्व सैनिक | निःशक्त | कुल | मुक्त | महिला | भूतपूर्व सैनिक | निःशक्त | कुल | मुक्त | महिला | भूतपूर्व सैनिक | निःशक्त | कुल | मुक्त | महिला | भूतपूर्व सैनिक | निःशक्त | कुल |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 | 27 | 28 |
| 1 | ग्राम पंचायत सचिव (पंचायतकर्मी) | 5 | 3 | 1 | 0 | 0 | 4 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 4 | 1 | 0 | 0 | 5 |

टीपः– उपरोक्त पदों में कमी या बढ़ोत्तरी का अधिकार नियुक्तिकर्ता अधिकारी का होगा। जिसके लिए कोई दावा स्वीकार्य नहीं होगा।

**01. शैक्षणिक अर्हता:–**

(i) ग्राम पंचायत सचिवों की नियुक्ति के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता हायर सेकेण्डरी बोर्डपरीक्षा उत्तीर्ण होगी।

(ii) शासन द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था डाटा एन्ट्री आपरेटर/प्रोग्रामिंग में एकवर्षीय डिप्लोमा।

**02. चयन प्रक्रिया:–**

प्रमाण पत्र आदि के आधार पर आवेदकों की वरीयता (मेरिट) का निर्धारण निम्नानुसार किया जाएगा:–

(a) हायर सेकेण्डरी के अंकों का अधिभार – 50 प्रतिशत

(b) उच्चतर शैक्षणिक योग्यता अधिकतम – 10 अंक (स्नातक–05 अंक/स्नातकोत्तर–05 अंक)

(c) कम्प्यूटर कौशल परीक्षा में प्राप्त अंकों का अधिभार – 25 प्रतिशत

(d) शासन द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था से ग्रामीण विकास में स्नातकोत्तर डिप्लोमा – 10 अंक

(e) रोजगार सहायक पद पर कार्य करने का अनुभव – 05 अंक (प्रत्येक वर्ष 01 अंक के मान से अधिकतम 05 वर्ष का अंक, एक वर्ष = न्यूनतम 09 माह का कार्यानुभव)

टीपः– रोजगार सहायक के पद पर कार्य करने का अनुभव, केवल मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत द्वारा जारी प्रमाण पत्र को ही मान्य किया जावेगा।

**03. स्थानीय निवासी:–**

(i) आवेदक को बीजापुर जिले का स्थानीय निवासी होना अनिवार्य है। समक्ष प्राधिकारी द्वारा जारी निवास प्रमाण पत्र की स्व–प्रमाणित प्रति संलग्न किया जाना होगा।

Scanned with OKEN Scanner

04. आयु सीमाः—

(i) उक्त पद हेतु अभ्यर्थी की आयु 01 जनवरी 2025 को 21 वर्ष से कम तथा 35 वर्ष से अधिक न हो। इसके अतिरिक्त राज्य शासन द्वारा समय—समय पर जारी निर्देशों के अनुरूप आयु की छूट की पात्रता होगी, किन्तु सभी छूटों को मिलाकर उनके लिए अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष से अधिक नहीं होगी।

(ii) उक्त पदों पर अधिकतम आयु सीमा में छूट के संबंध में छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा दिये गये निर्देश लागू होंगे।

(iii) अभ्यर्थी को आयु सत्यापन हेतु हाई स्कूल प्रमाण पत्र की सत्यापित अंकसूची जिसमें जन्म तिथि अंकित हो अनिवार्य रूप से संलग्न करना होगा।

(iv) आवेदक जिसने विवाह के लिए निर्धारित न्यूनतम आयु से पूर्व विवाह कर लिया हो, नियुक्ति हेतु पात्र नहीं होगा।

05. आवेदन करने हेतु आवश्यक निर्देशः—

(i) आवेदन पत्र जिला पंचायत बीजापुर, जिला बीजापुर (छ.ग.) द्वारा जारी निर्धारित प्रारूप में प्रस्तुत करना होगा।

(ii) छत्तीसगढ़ अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग (सामाजिक प्रास्थिति के प्रमाणीकरण का विनियमन) अधिनियम, 2013 के तहत् समक्ष प्राधिकारी द्वारा जारी स्थायी जाति प्रमाण पत्र ही मान्य किया जावेगा।

(iii) आवेदक द्वारा आवेदन हेतु समस्त आवश्यक दस्तावेजों की स्वप्रमाणित प्रतिलिपियां संलग्न किया जाना आवश्यक है।

06. आवेदन पत्र जमा/कार्यालय को प्राप्ति की अंतिम तिथिः—

(i) सभी आवश्यक सह—पत्रों सहित पूर्णतः भरे हुए निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र बंद लिफाफे में केवल पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट से **कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत बीजापुर (छ.ग.), पिन कोड— 494444 के नाम से दिनांक 28-11-25 को सायं 5:00 बजे तक प्राप्त किया जावेगा। व्यक्तिगत रूप से सीधे आवेदन अथवा ई—मेल अथवा अन्य इलेक्ट्रानिक माध्यम से स्वीकार नहीं किया जावेगा।** निर्धारित समय—सीमा के पश्चात् प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जावेगा।

(ii) अपूर्ण/अस्पष्ट एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्र निरस्त कर दिया जावेगा एवं कोई सूचना नहीं दी जावेगी।

(iii) लिफाफे के ऊपर आवेदित पद का नाम स्पष्ट उल्लेख किया जाना अनिवार्य है।

(iv) वांछित शैक्षण्कि योग्यता विज्ञापन जारी किए जाने की तिथि के पूर्व का होना अनिवार्य है।

07. परवीक्षा अवधिः—

(i) पंचायतकर्मी के पद पर सीधी भर्ती से चयनित प्रत्येक अभ्यर्थी ग्राम पंचायतों में 03 वर्ष की परवीक्षा पर नियुक्त किया जाएगा, जिसे 05 वर्ष तक बढ़ाया जा सकेगा। पंचायतकर्मी के कार्य तथा उनके आचरण उपयुक्त पाये जाने पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत द्वारा परवीक्षा अवधि हटाया जा सकेगा। यदि पंचायतकर्मी का कार्य संतोषजनक नहीं पाया जाता है तो उसकी सेवाएं नियुक्तिकर्ता प्राधिकारी द्वारा समाप्त कर दी जावेगी।

08. अन्य नियम एवं शर्तेः—

(i) चयनित ग्राम पंचायत सचिव छत्तीसगढ़ पंचायत सेवा (आचरण) नियम 1998 एवं छत्तीसगढ़ पंचायत सेवा (अनुशासन तथा अपील) नियम 1999 के अधीन शासित होंगे।

(ii) नियुक्ति के दौरान दोनों पक्षों में किसी एक पक्ष द्वारा 01 माह के पूर्व सूचना या इसके एवज में 01 माह का वेतन देकर नियुक्ति समाप्त की जा सकेगी।

(iii) शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्थाओं में कार्यरत् आवेदक को अपना आवेदन पत्र उचित माध्यम से अनापत्ति प्रमाण पत्र सहित प्रस्तुत करना होगा।

(iv) आवेदक यदि पूर्व में किसी अन्य शासकीय/अर्द्धशासकीय कार्यालय द्वारा सेवा से अवचार के कारण पदच्युत किया गया हो तो, वह अपात्र होगा।

Scanned with OKEN Scanner

(v) शैक्षण्कि योग्यता में अंकित प्राथमिकता का अभिप्रायः मेरिट सूची में सामान अंक आने पर प्राथमिकता का लाभ (जन्मतिथि के आधार पर) दिये जाने से होगा।

(vi) जिले में प्राप्त कुल आवेदन पत्रों को निर्धारित अर्हता के प्राप्तांकों में कौशल परीक्षा में प्राप्त अंकों को जोड़ते हुए अंतिम चयन सूची तैयार की जावेगी।

(vii) प्रत्येक पद के लिये 20 प्रतिशत अथवा 03 जो भी अधिक हो, अभ्यर्थियों को प्रतीक्षा सूची में रखा जावेगा। चयन सूची एवं प्रतीक्षा सूची की वैधता, नियुक्ति आदेश जारी दिनांक से 01 वर्ष के लिए वैध रहेगी।

(viii) नियुक्ति से संबंध में चयन समिति का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

(ix) आवेदक/आवेदिका के विरूद्ध कोई दण्डिक प्रकरण किसी पुलिस थाने/न्यायालय में अनुसंधान/विचारण हेतु लंबित है, अथवा किसी न्यायालय में निराकृत हो चुका है, तो संबंधित अधिनियम एवं धारा सहित प्रकरण क्रमांक एवं निर्णय आदि की जानकारी स्पष्ट रूप से उल्लेख करें।

(x) यदि वह किसी ऐसे अपराध के लिए सिद्ध दोष ठहराया गया हो, जिसमें नैतिक अधमता अंतर्वणित हो, अपात्र होगा।

(xi) यदि वह महिलाओं के विरूद्ध प्रताड़ना के किसी अपराध के लिए सिद्ध दोष ठहराया गया हो, अपात्र होगा।

(xii) आवेदन पत्र का विस्तृत प्रारूप कार्यालय जिला पंचायत बीजापुर (छ.ग.), जनपद पंचायत बीजापुर/भैरमगढ़/उसूर/भोपालपटनम के सूचना पटल एवं जिले के वेबसाईट http://bijapur.gov.in में अवलोकन किया जा सकता है।

(xiii) शासन के प्रचलित एवं संशोधित समस्त नियम लागू होंगे।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी<br>
जिला पंचायत बीजापुर

बीजापुर, दिनांक 07/ 11 /2025

पृ.क्रमांक/2121/जि.पं./सचिव स्था./पंचा. सचिव–भर्ती/2025

प्रतिलिपिः–

1. प्रमुख सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर की ओर सादर सूचनार्थ।
2. संचालक, पंचायत संचालनालय छ.ग. सेक्टर–19, नार्थ ब्लॉक, भू–तल, विकास भवन, नवा रायपुर, अटल नगर की ओर सादर सूचनार्थ।
3. संभाग आयुक्त, बस्तर संभाग जगदलपुर की ओर सादर सूचनार्थ।
4. कलेक्टर, जिला बीजापुर की ओर सादर सूचनार्थ।
5. उप संचालक, पंचायत जिला बीजापुर (छ.ग.) को सूचनार्थ।
6. जिला रोजगार अधिकारी, रोजगार कार्यालय बीजापुर।
7. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत बीजापुर/भैरमगढ़/उसूर/भोपालपटनम, जिला बीजापुर (छ.ग.) को नोटिस बोर्ड में चस्पा करने हेतु।
8. सहायक संचालक, जनसम्पर्क विभाग को दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशन कराने हेतु।
9. जिला सूचना अधिकारी, जिला बीजापुर (छ.ग.) को जिले के वेब साईट http://bijapur.gov.in में अपलोड़ करने हेतु।
10. कार्यालयीन सूचना पटल पर चस्पा हेतु।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी<br>
जिला पंचायत बीजापुर

Scanned with OKEN Scanner

## ग्राम पंचायत सचिव के पद हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप

(आवेदक के द्वारा स्वयं भरा जावें)

अभ्यर्थी स्व–प्रमाणित नवीनतम फोटो चस्पा करें

**प्रति,**

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**
**जिला पंचायत बीजापुर**
**जिला – बीजापुर (छ.ग.)**

01. आवेदक का पूरा नाम (अ) हिन्दी में – ..............................
(ब) अंग्रेजी में – ..............................

02. पिता/पति का नाम – ..............................

03. लिंग (महिला/पुरूष) – ..............................

04. जन्म तिथि (अ) अंको में – ..............................
(ब) शब्दों में – ..............................
(स) दिनांक 01.01.2025 को आयु – वर्ष ........ माह ........... दिन..............
(द) जन्म स्थान – ..............................

05. वर्ग (सामान्य/अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व.) – ..............................

06. पत्र व्यवहार का वर्तमान पता (हिन्दी में) – ..............................
..............................
..............................

07. स्थायी पता (हिन्दी में) – ..............................
..............................
..............................

08. मोबाईल नम्बर – ..............................

09. ई–मेल आईं–डी – ..............................

10. आधार नम्बर – ..............................

11. रोजगार कार्यालय का नाम एवं जीवित – ..............................
पंजीयन क्रमांक एवं दिनांक (सत्यापित प्रति संलग्न करें)

12. क्या अधिकतम आयु सीमा छूट चाहते हैं – ..............................
(हॉं/नहीं) यदि हॉं तो किसी श्रेणी से उल्लेख करें ..............................

13. क्या आवेदक बीजापुर जिले का मूल निवासी है (हॉं/नहीं) ..............................
(यदि हां तो समक्ष प्राधिकारी द्वारा जारी मूल निवास प्रमाण पत्र की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करें)

Scanned with OKEN Scanner

14. क्या आवेदक छ.ग. शासन द्वारा छ.ग. राज्य के लिए घोषित अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछडा वर्ग का सदस्य है? हां/नही (यदि हां तो सक्षम अधिकारी द्वारा जारी एवं छानबीन समिति द्वारा सत्यापित स्थायी जाति प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति संलग्न करें।) – ..........................

15. शैक्षणिक एवं तकनीकी योग्यता :–

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा | बोर्ड/वि.वि. का नाम | वर्ष | पूर्णांक | प्रप्तांक | प्रतिशत | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | हाई स्कूल | | | | | | |
| 2 | हायर सेकेण्डरी | | | | | | |
| 3 | स्नातक | | | | | | |
| 4 | स्नातकोत्तर | | | | | | |
| 5 | पी.जी.डी.सी.ए. /डी.सी.ए. | | | | | | |
| 6 | ग्रामीण विकास में स्नातकोत्तर डिप्लोमा | | | | | | |

16. रोजगार सहायक का अनुभवः–

| क्र. | जिला का नाम | जनपद पंचायत का नाम | ग्राम पंचायत का नाम | कार्यावधि | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | दिनांक से | दिनांक तक | कुल अवधि |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | | | | | | |
| 2 | | | | | | |
| 3 | | | | | | |
| 4 | | | | | | |
| 5 | | | | | | |

(टीपः– कुल अनुभव अवधि का अनुभव सह वेतन पत्रक संलग्नकिया जाना अनिवार्य है।)

17. क्या आवेदक विकलांग है (हां/नही) – ..........................................
(यदि हां तो, विकलांग संबंधी जिलामेडिकल बोर्ड का प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति संलग्न करें)

18. क्या आवेदक भूतपूर्व सैनिक हैं (हां/नहीं) – ..........................................
(यदि हां तो, सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करें)

19. क्या आवेदक विवाहित हैं (हां/नहीं) – ..........................................
यदि विवाहित है, तो विवाह की तिथि ..........................................

20. क्या आवेदक शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्थान में सेवारत् है(हां/नहीं) ....................
(यदि हां तो, सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र की छायाप्रतिसंलग्न करें)

21. क्या आवेदक/आवेदिका के विरूद्ध कोई दण्डिक प्रकरण किसी पुलिस थाने/न्यायालय में अनुसंधान/विचारण हेतु लंबित है, अथवा किसी न्यायालय में निराकृत हो चुका है? हां तो प्रकरण क्रमांक एवं निर्णय आदि की जानकारी स्पष्ट रूप से उल्लेख करें।

..........................................

..........................................

आवदेक के हस्ताक्षर

(पूर्ण नाम एवं पता)

Scanned with OKEN Scanner

## घोषणा पत्र

मैं एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि मेरे द्वारा दी गई उपरोक्त समस्त जानकारी पूर्ण एवं सत्य है। चयन होने तथा भविष्य में किसी भी स्तर पर असत्य पाये जाने पर मेरी सेवाएं समाप्त कर मेरे विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही करने का पूर्ण अधिकार होगा।

दिनांकः ....................................

स्थानः ....................................

....................................

आवदेक के हस्ताक्षर
(पूर्ण नाम एवं पता)

संलग्न प्रमाण पत्रों की सूचीः–

1. ....................................................................
2. ....................................................................
3. ....................................................................
4. ....................................................................
5. ....................................................................
6. ....................................................................
7. ....................................................................
8. ....................................................................
9. ....................................................................
10. ..................................................................
11. ..................................................................
12. ..................................................................

....................................

आवदेक के हस्ताक्षर
(पूर्ण नाम एवं पता)

Scanned with OKEN Scanner